# भारत के साथ अमेरिका के बढ़ते रिश्तों को नजरअंदाज नहीं कर सकता चीन

## सरकारी मुखपत्र

## नई दिल्ली के साथ मिलकर चीन को रोकना चाहता है यूएस



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भारत के दौरे पर हैं। भारत में उनके भव्य स्वागत के बीच चीन की निगाहें भी ट्रंप और मोदी की दोस्ती पर टिकी हैं। चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्ते को चीन को रोकने की कोशिश बताते हुए कहा है कि वे इसे खुशी से नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि डॉनल्ड ट्रंप भारत का दौरा करने वाले सातवें और लगातार चौथे अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। यह दौरा अमेरिका की ओर से नई दिल्ली को दिए जाने वाले भू–राजनैतिक महत्व को दर्शाता है। अमेरिका हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए चीन के पड़ोसियों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

लेख में कहा गया है कि कुछ चाइनीज अमेरिका के हिंद–प्रशांत रणनीति को नजरअंदाज करते हैं, लेकिन अमेरिका ने चीन को रोकने का कोई प्रयास छोड़ा नहीं है। इसलिए पेइचिंग को इस पर ध्यान देना चाहिए। अमेरिका चीन को श्प्रतिद्वंद्वी शक्तिश मानता है और यह निकट भविष्य में बदलने नहीं जा रहा है। इसलिए हाल के सालों में अमेरिका के कई कदम इसी रुख पर आधारित रहे हैं। ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि भारत और इस क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका नई दिल्ली के साथ सहयोग बढ़ाने में जुटा है।

**...तो फायदा उठा लेगा अमेरिका**

चीन ने भारत की गुटनिरपेक्ष नीति का जिक्र करते हुए कहा है कि भारत–चीन के रिश्ते में कुछ मतभेद हैं और कई भारतीय चीन को लेकर सजग रहते हैं। इसलिए मौजूदा परिदृश्य में यदि चीन–भारत संबंध आगे नहीं बढ़ा तो अमेरिका को भारत को अधिक प्रभावित करने का मौका मिलेगा।

**बढ़ रहा है भारत–अमेरिका रक्षा सहयोगः** भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और हथियारों की खरीद का जिक्र करते हुए कहा गया है कि दोनों देशों के बीच रक्षा खरीद बढ़ रहा है। 2008 में जहां दोनों देशों के बीच रक्षा खरीद नगण्य था वह 2019 तक 15 अरब डॉलर का हो चुका है।

**ट्रंप के लिए पैसे नहीं, रणनीति अहमः** ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि कुछ विश्लेषक मानते हैं कि ट्रंप के भारत दौरे का लक्ष्य केवल हथियार बेचना है, लेकिन वह केवल पैसे नहीं चाहते हैं। ट्रंप रियल एस्टेट कारोबारी हैं पर वह छोटे लालच में नहीं पड़ते, बल्कि वैश्विक रिश्तों को नया आयाम देने पर जोर दे रहे हैं, जोकि अमेरिका के हिंद–प्रशांत रणनीति का हिस्सा है।

चीन को रोकना चाहता है अमेरिका

ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि अमेरिका ने भारत को कभी प्रतिद्वंद्वी के तौर पर नहीं देखा है, वह इसे एशिया में बैलेंस के टूल के रूप में देखता है। नई दिल्ली के साथ अमेरिका का असली हित पेइचिंग को रोकना है। इसलिए चीन और भारत के साथ टैरिफ वॉर के बावजूद ट्रंप ने सितंबर 2019 में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका में गर्मजोशी से स्वागत किया था।

## ट्रंप–मोदी की दोस्ती से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है: हेली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। भारतीय मूल की अमेरिकी नेता निक्की हेली ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत रवाना होने से पहले कहा कि राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दोस्ती से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।

ट्रंप प्रशासन के शुरुआती दो वर्षों में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की दूत रहीं और किसी राष्ट्रपति प्रशासन में पहली कैबिनेट रैंक वाली भारतीय–अमेरिकी हेली ने कहा कि वह ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया की भारत यात्रा पर गौरवान्वित हैं। शीर्ष रिपब्लिकन नेता ने ट्वीट किया, "अमेरिका और भारत विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और कई मूल्यों को साझा करते हैं।

मोदी और ट्रंप की दोस्ती से काफी लाभ लिया जा सकता है।" व्हाइट हाउस के पूर्व अधिकारी पीटर लावोय ने कहा कि ट्रंप–मोदी शिखर सम्मेलन, "अहम होगा" क्योंकि सुरक्षा संबंध आगे बढ़ेंगे, अफगानिस्तान मुद्दे का हल निकलेगा, व्यापार मतभेद कम होंगे, ऊर्जा संबंधों में सुधार होगा और रक्षा समझौते होंगे। न्यूयॉर्क के अटार्नी रवि बत्रा ने कहा, "सभी अमेरिकी 1.3 अरब भारतीयों की ओर देख रहे हैं जो गर्मजोशी से अमेरिका का स्वागत करेंगे जैसा कि अमेरिका यहां कर रहा है।



चीन में अब तक 2,592 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। चीन में अब तक 2,592 की मौतचीन में महामारी बन चुके कोरोना वायरस से 150 और लोगों की मौत होने के बाद इस घातक वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़ कर सोमवार को 2,592 हो गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि 150 में से 149 लोगों की मौत हुबेई प्रांत में हुई है, जहां इस वायरस का सबसे अधिक प्रकोप है। आयोग ने 409 नए मामलों के सामने आने की पुष्टि भी की, जिनमें से अधिकतर हुबेई प्रांत में हैं। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के 161 और मामले सामने आने के साथ ही देश भर में इसके कुल 763 मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

## मलेशिया के पीएम महातिर मोहम्मद ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



कुआलालंपुर। मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने सोमवार को अपना त्यागपत्र देश के राजा को सौंप दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। विश्व के सबसे उम्रदराज नेता, 94 वर्ष के महातिर ने उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा सरकार गिराने और प्रधानमंत्री बनने जा रहे अनवर इब्राहिम को पद भार संभालने से रोकने की कोशिशों के बाद यह फैसला लिया। इस चौंकाने वाले कदम से पहले 24 घंटे तक राजनीतिक नाटक चला जिसमें अनवर के खुद के श्पैक्ट ऑफ होपश गठबंधन के प्रतिद्वंद्वी और विपक्षी नेता नई सरकार बनाने का प्रयास करते नजर आए। इस गठबंधन को 2018 में चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली थी।

खबर थी कि गठबंधन महातिर के संभावित उत्तराधिकारी अनवर को बाहर करने की योजना बना रहा था और उनकी पार्टी के ज्यादातर सांसद किसी भी वक्त उनके प्रधानमंत्री बनने की राह में रोड़े अटकाते। अनवर और महातिर के बीच संबंध अच्छे नहीं थे लेकिन 2018 के चुनावों से पहले उनमें मित्रता हो गई थी। महातिर ने उनके पूर्व दुश्मन को सत्ता सौंपने की बात कई बार दोहराई थी। हालांकि सोमवार सुबह ये प्रयास विफल होते दिखे जब उनके कार्यालय ने घोषणा की कि महातिर ने श्मलेशिया के प्रधानमंत्री के तौर पर दोपहर एक बजे राजा को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

आगे क्या होगा इस बारे में फिलहाल कुछ भी स्पष्ट नहीं है। अनवर राजा से मुलाकात करने वाले हैं। भले ही राजा की भूमिका मुख्यतः रस्मी हो लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री की नियुक्ति की पुष्टि करते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अनवर राजा को इस बात पर सहमत करने की उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सांसदों का समर्थन है।

## ट्रंप के साथ आ रहे भारतीय अमेरिकी अधिकारी ने भावनात्मक रूप से अतीत को याद किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एयर फोर्स वन के विमान में भारत यात्रा करने वाले भारतीय अमेरिकी अजीत पई अपने माता–पिता के अमेरिका में बसने के करीब पांच दशक बाद भारत की यात्रा पर हैं।फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन के पहले भारतीय अमेरिकी चेयरमैन पई (47) ने कहा कि अगर उनके माता–पिता को कई साल पहले यह कहा जाता कि एक दिन उनका बेटा अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ भारत जाएगा तो पता नहीं, वह कैसी प्रतिक्रिया देते।ट्रंप के साथ भारत यात्रा करने वाले दो भारतीय अमेरिकियों में पई भी शामिल हैं। उनके साथ राष्ट्रपति के विशेष सहायक और आतंकवाद निरोधक कार्रवाई के लिए विशेष निदेशक केश पटेल भी भारत जा रहे हैं।पई ने कहा, "अगर मैं 1971 में मेरे माता–पिता की शादी के समय में पहुंच सकता तो सोचता हूं कि अगर उस समय उन दोनों युवाओं को बताया जाता कि एक पीढ़ी के बाद उनका बेटा अमेरिकी सरकार के शीर्ष स्तर का प्रतिनिधित्व करेगा और उस देश में जाएगा जहां वह पले बढ़े थे तो पता नहीं वे क्या कहते।'

## न्यूज डायरी



### जन्मदिन पर देश के नक्शे वाला केक काटकर घिरे नेपाल के प्रधानमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने अपने जन्मदिन के अवसर पर देश के नक्शे वाला 15 किलोग्राम का केक काटकर विवाद खड़ा कर दिया है। ओली के जन्मस्थान पूर्वी नेपाल के तेह्रथुम जिले में रविवार को उनके 69वें जन्मदिन का जश्न मना। इसमें उनकी पत्नी राधिका शाक्य, ओली के करीबी सहयोगी, स्कूली छात्र और बड़ी संख्या में लोग शरीक हुए। इस अवसर के लिए खासतौर पर बनवाया गया केक हेलिकॉप्टर के जरिए काठमांडू से वहां पहुंचाया गया। केक पर देश का नक्शा बना था। अन्नापूर्णा पोस्ट डेली की खबर के मुताबिक इस जश्न की तस्वीरें ऑनलाइन आई, जिसमें ओली केक काटते और इसे बच्चों में बांटते दिखे। इन तस्वीरों पर सोशल मीडिया यूजर्स ने नाराजगी जताई। एक यूजर ने इसे अपराध बताया।

### डायमंड प्रिंसेजः कोरोना वायरस से तीसरे यात्री की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। जापान के डायमंड प्रिंसेज क्रूज जहाज पर सवार तीसरे यात्री की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हो गई। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने मृतक की पहचान करीब 80 वर्षीय जापानी व्यक्ति के रूप में की। मंत्रालय के मुताबिक, कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि के बाद डायमंड प्रिंसेज पर सवार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, बयान में इस बारे में जानकारी नहीं दी गई कि पीड़ित की कब जांच की गई और कहां उसका इलाज किया गया। बयान में व्यक्ति की मौत का कारण निमोनिया बताया गया है। इससे पहले गुरुवार को करीब 80 वर्षीय दो अन्य जापानी बुजुर्गों की मौत के बाद वायरस के संक्रमण से मौत का यह तीसरा मामला सामने आया है। जहाज को पृथक खड़ा किए जाने के बावजूद इस पर सवार 600 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए।

### इमरान की बीवी बुशरा के लिए नहीं खोला स्वर्ग का दरवाजा, अधिकारी नपे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में धर्मस्थल की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के तय प्रोटोकॉल का पालन नहीं होने को लेकर कई अफसरों पर गाज गिरी है। इस मामले में करीब 20 सरकारी अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया गया है। बुशरा 20 फरवरी को प्रशासन को सूचित किए बिना पंजाब के पाकपट्टन जिले में बाबा फरीद की दरगाह पर गई थीं। एक अधिकारी ने बताया कि धर्मस्थल की सुरक्षा में तैनात कर्मी ने बेहेश्ती दरवाजा नहीं खोला तो वह नाराज हो गई। पंजाब के औकाफ विभाग के मुख्य प्रशासक गुलजार हुसैन शाह ने कहा, जब बेहेश्ती दरवाजा (स्वर्ग का दरवाजा) तुरंत उनके लिए नहीं खोला तो वह नाराज हो गई। उन्होंने कहा कि पाकपट्टन जिलों में तैनात कुछ कर्मचारियों को विभागीय प्रशासनिक मामलों में लापरवाही दिखाने के कारण स्थानांतरित कर दिया गया है।

### ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने बजट से पहले बनाई चाय, तस्वीर छाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ब्रिटेन के नए वित्तमंत्री और इन्फोसिस के को–फाउंडर नारायण मूर्ति के दामाद ऋषि सुनक बजट से पहले चर्चा में हैं। चर्चा की वजह है उनकी एक तस्वीर, जिसमें वह स्टाफ के लिए चाय बना रहे हैं। ऋषि सुनक की चाय बनाने वाली तस्वीर पर मिले–जुले रिएक्शन आ रहे हैं। कोई इसे बजट से जोड़कर देख रहा है तो कोई इसे चाय कंपनी का विज्ञापन बता रहा है। किसी ने तो यह तक लिख दिया कि ऋषि सुनक ने सिर्फ फोटो खिंचवाई, चाय असल में किसी और ने बनाई होगी। ऋषि की यह फोटो सोशल मीडिया पर छा गई। एक ने लिखा कि अगर चाय की केतली और रखे कपों का बजट से कोई जोड़ है तो यह देखना मजेदार होगा। अन्य ने पूछ लिया कि यॉर्कशायर ने उन्हें चाय का विज्ञापन करने के लिए कितने रुपये दिए हैं।